हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 25 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

11 बाबा गुरु घासीदास सिर्फ सतनामी समाज के ...



12 एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बारगांव में विविध ...





# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में छत्तीसगढ़ चैंपियन, जिले के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेसबाल अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग छत्तीसगढ़ क्री टीम ने, जिसमें जिले के शालेय खिलाड़ियों भी शामिल रहे।

इस दौरान पूरे प्रतियोगिता में अपराजित रहते हुए स्वर्ण पदक जीता है। शासकीय उच्चतर माध्यमि विद्यालय जेवरा के व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के 12 राज्यों क्री टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ क्री बालक वर्ग टीम ने लीग के मैचों में क्रमशः पंजाब व विद्या भारती को हराया और क्वार्टर फाइनल में हरियाणा क्री टीम को तथा सेमीफाइनल में महाराष्ट्र क्री टीम को हराकर फाइनल में पहुंची। बालिका वर्ग में भी छत्तीसगढ़ क्री टीम ने लीग मैच में क्रमशः पंजाब व जम्मू कश्मीर को तथा क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को हराया सेमीफाइनल में चंडीगढ़ क्री टीम को टीम हराकर फाइनल पहुंची। फाइनल मैच छत्तीसगढ़ क्री टीम ने दोनों वर्गों में दिल्ली क्री की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## बिलासपुर में बेसबाल अंडर 14 बालक व बालिका वर्ग का खिताब जीता




### इन खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

इस पूरी प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के जयराम कृष्ण, शुभम जोशी, दीपक, खिलेश्वरी, कुसुम, खुशी के साथ-साथ बेमेतरा जिले के ऐलन्स पब्लिक स्कूल से अंतरिक्ष तिग्गा ने शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर प्रसन्नता ब्यक्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्राम जेवरा की सरपंच संध्या सिंग, संस्था के प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाटिल, प्रधान पाठक विनोद चौहान समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, व्यायाम शिक्षक अरुण पाल, किशन मांडले, व्याख्याता नीता साहू, पुष्कर भोंसले, संतोष साहू, रश्मि अग्रवाल, दीपशिखा माने, शाहिना सिन्हा, योगेश्वर देवांगन, पदमजा सिंग, मंजूषा सिंग, सुजाता पटेल, ज्योति देवांगन, प्रमोद जानी, उद्धव साहू, रौशनी गुप्ता, घनश्याम डड़सेना, चिकेंद्र साहू, कविता शर्मा, नोवेन्द्र साहू आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### बच्चों और बुजुर्गों को किया स्वेटर व कंबल का वितरण



**बेमेतरा।** प्रयास बेमेतरा टीम ने नेक पहल करते हुए ठंड को देखते हुए जिला मुख्यालय के झुग्गी-बस्ती में अभाव में जी रहे नट और आदिवासी बस्ती में जाकर बच्चों को स्वेटर और बड़े बुजुर्गों को कंबल का वितरण किया। इस दौरान विशेष तौर पर बेमेतरा अपर कलेक्टर जीएल जगत ,जिला समन्वयक भुपेंद्र साहू , बीआरसी राजेंद्र साहू भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहु , संस्कृति व्यापार मेला के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत मौजूद रहे । अपर कलेक्टर श्री जगत ने स्वच्छता और शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपनें बच्चों को अच्छी शिक्षा जहां देने की आवश्यकता जोर दिया । इसके अलावा संस्था के सदस्यों द्वारा वृद्धा आश्रम में जाकर शॉल वितरण किया गया। इस कार्य में अपनी भागीदारी देने वालों संस्था के सदस्य, गोविंद साहु, ज्योति बनाफर सुनिता राजपूत,राज किरण मिश्रा, रश्मि तिवारी, पवन तिवारी,ममता साहू, रश्मि सोनी अभिनव ठाकुर,सुकन्या सिंह का योगदान रहा।

### गांधी भांठा अंडा में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**अंडा।** इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में गांधी भांठा अंडा में 25 दिसंबर से छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ओमप्रकाश सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए रखा गया है।

### सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक आज

**डोंडी।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की आवश्यक बैठक 25 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से रेस्ट हाउस डौंडी में रखी गई है। बैठक में सरकार द्वारा पिछड़े वर्गों के आरक्षण में कटौती किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर कार्य योजना बनाई जाएगी। बैठक में प्रत्येक ग्राम के ग्राम प्रमुख समाज प्रमुख एवं अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक रूप से शामिल होने को कहा गया है।

### अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

**बालोद।** मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर वर्चुवल माध्यम से अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम करेंगे। उक्त कार्यक्रम 25 दिसम्बर को दोपहर 1:30 बजे वार्ड क्रमांक 16 स्थित गंगासागर तालाब पार बालोद में आयोजित किया गया है।

### पंच पद के लिए आरक्षण 28 व सरपंच के लिए 29 को

**डोंडी।** त्रिस्तरीय पंचायत राज अधिनियम के तहत डोंडी ब्लॉक के पंच और सरपंच पर के लिए 28 और 29 दिसंबर को आरक्षण की प्रक्रिया जनपद पंचायत डोंडी में की जाएगी। इसके लिए कलेक्टर ने रिटर्निंग ऑफिसर को आदेश जारी कर कहा है कि पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आरक्षण के लिए नियमानुसार कार्यवाही करें। इसके लिए जनपद पंचायत डोंडी में 28 दिसंबर को 11 बजे से वार्ड पंचों के लिए आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह 29 दिसंबर को सरपंच पदों पर आरक्षण की प्रक्रिया रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जानी है। ब्लॉक की सभी पंचायतों में सूचना भेजकर गांव में मुनादी करा दी गई है। लोगों को आरक्षण की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए कहा गया है।

### ग्राम चारभांठा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में पहुंचे थे विधायक

# बेमेतरा विधायक दीपेश पर पेट्रोल बम से हमला बाल-बाल बचे, साउंड सिस्टम आपरेटर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सोमवार रात बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम के दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू पर हमले का मामला सामने आया है। बता दें कि सोमवार को जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर ग्राम चारभांठा में बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू लगभग 10 से 11 बजे के बीच मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस बीच मंच पर उपस्थित अतिथियों के स्वागत के दौरान मंच के बाजू से अचानक किसी अज्ञात उपद्रवी तत्व ने शराब की बोतल में पेट्रोल भरकर मंच पर फेंक दिया। हालांकि विधायक दीपेश साहू पर फेंका गया पेट्रोल बम उन्हें नहीं लगा, लेकिन वहीं साउंड सिस्टम ऑपरेटर युवक के सर में लगा। इससे युवक के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। घायल युवक को ग्रामीण तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले गए। उधर मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई।

### अतिथियों के स्वागत कार्यक्रम के दौरान किसी ने मंच पर फेंकी पेट्रोल से भरी शराब की बॉटल



**खास बातें**

- घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस
- लहूलुहान युवक को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले गए ग्रामीण

### पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

घटना के दूसरे दिन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ग्राम चारभाटा पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि ग्राम में सतनामी समाज के दो गुट बन गए हैं और दोनों गुटों द्वारा अलग-अलग जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।





### रात 11 बजे तक समर्थकों के साथ कलेक्टोरेट में बैठे रहे विधायक ईश्वर

इससे पहले सोमवार रात जिले की राजनीति में बावला मचा रहा। रात 11 बजे तक साजा के भाजपा विधायक ईश्वर साहू अपने समर्थक व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट में कलेक्टर रणवीर शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोलकर जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठे थे, जो काफी मशक्कत और मान मनोव्वल के बाद शांत हुआ।

### सोशल मीडिया में पोस्ट करने वाले को जमानत देने पर जताई नाराजगी

बता दें कि इससे विधायक ईश्वर साहू और उनके समर्थकों ने कांग्रेस नेता द्वारा सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट से नाराजगी जताते हुए पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कुछ घंटों में ही एसडीएम ने उसे जमानत दे दी थी। इस पर नाराज विधायक और उनके समर्थकों ने कलेक्टर रणबीर शर्मा पर कांग्रेस के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए उनके कार्यालय परिसर में ही धरना दे दिया, जो बड़ी मुश्किल से शांत हुआ।

# चेचानमेटा व बेंदरचुवा में भवन निर्माण अधूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

- खण्डहर में तब्दील हो रहा सामाजिक भवन और शौचालय

साजा जनपद इलाके के ग्राम पंचायत चेचानमेटा एवं सहायक ग्राम बेंदरचुवा से स्थानीय पँचायत प्रशासन की निष्क्रियता का एक और प्रमाण देखने को मिल रहा है। जहाँ पर मूल व आश्रित गाँव मे सरकारी कार्य को अधूरा छोड़कर ग्रामीणों को शासकीय सुविधाओं से अभी तक वंचित किया गया है।

जिसमे एक तरफ चेचानमेटा में सतनामी समाज का भवन कई बरसों से भूमिपूजन के बाद अधूरा बनकर पड़ा हुआ है, जिसमे कथित रूप से अमानक मटेरियल एवं रिजेक्टेड सीमेंट का उपयोग कर गुणवत्ता से खिलवाड़ किया गया है। वहीं, दूसरी ओर सहायक ग्राम बेंदरचुवा में सामुदायिक शौचालय को भी आधा-अधूरा बनाकर शासन की योजनाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जबकि इसका निर्माण पंचवर्षीय पँचायत प्रशासन के कार्यकाल में हो जाना चाहिए था। लिहाजा दोनों ही जगह अधूरा निर्माण हुआ भवन व शौचालय ▶▶| शेष पेज 11 पर

### नहीं मिली पूरी राशि

बेंदरचुवा के शौचालय की अंतिम किश्त बाकी है, वहीं चेचानमेटा में सतनाम भवन की पहली किश्त ही डल पायी है। इसके कारण काम अधूरा पड़ा है।

- **तारण पटेल,** ग्राम पंचायत सचिव

# खाद्य सचिव अंबलगन पी ने जिले के धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- खरीदी सुचारु रूप से एवं उठाव करने के निर्देश दिए



खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण सचिव अंबलगन पी.ने मंगलवार को ज़लि के धान उपार्जन केन्द्र देवरबीजा, डुंडा, कन्टेली, झाल और अंधीयारखोर, का निरिक्षण किया । उन्होंने धान खरीदी सुचारु रूप से करने एवं धान उठाव करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे जिला प्रबंधक नान, डीएमओ उपेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे । कलेक्टर शर्मा ने अब तक की गयी धान खरीदी व धान उठाव की जानकारी दी। उन्होंने धान ख़रीदी की प्रक्रिया का अवलोकन किया और केंद्रों की व्यवस्थाओं देखा। खाद्य सचिव अंबलगन ने कहा कि सभी उपार्जन केंद्र में किसानों द्वारा रखे गए धान की ढेरी सही हो। गुणवत्तापूर्ण व शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर ही खरीदी की जाए। खाद्य सचिव ने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की नमी चेक की। खाद्य सचिव ने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### लाइवलीहुड कॉलेज में जिला स्तरीय रोजगार मेला 26 को

**बेमेतरा।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बेमेतरा में 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बेमेतरा के माध्यम से जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न पदों जैसे न्यूट्रिएंट्स क्रॉप केयर प्राइवेट एलएमटी बिलासपुर, सेल्स ऑफिसर के 42 पदों पर वेतनमान 8500 से 16000 रुपए कार्यस्थल बेमेतरा सिमगा व बिलासपुर, एग्रीकल्चर ऑफिसर के 6 पद, 2 वर्ष कार्य अनुभव, वेतनमान 12500 से 20000 रुपए कार्यस्थल बेमेतरा सिमगा व बिलासपुर होगा। इसी प्रकार क्लीनटेक सर्विस एंड वर्क फोर्स रायपुर में केयर टेकर के 50 पद, 2 वर्ष का कार्य अनुभव, वेतनमान 10000 रुपए कार्यस्थल रायपुर होगा। इसी प्रकार शुभ इंटरप्राइजेज दुर्ग में सेल्समेन के 20 पद वेतनमान 8000 रुपए कार्यस्थल दुर्ग होगा।

# खिलाड़ी खेल से टीम भावना को मजबूत ही नहीं बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी करते हैं आगे : आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



नगर पंचायत के दशहरा मैदान के गौठान चौक बेरला में डे एवं नाइट क्रिकेट बेरला प्रीमियर लीग

- बेरला प्रीमियर लीग का पूर्व विधायक आशीष ने किया शुभारंभ

प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर किए।

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त करने के पश्चात कहा कि क्रिकेट न केवल एक खेल है बल्कि आपस में प्रेम व्यवहार तथा सौहार्द उत्पन्न करने वाले के रुप में जाना जाता है। खिलाड़ी अपने खेल से न केवल अपनी टीम भावना को मजबूत करते हैं बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी आगे करते हैं । उन्होंने बताया कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। खेल के माध्यम से हम अपने शरीर को चुस्त दुरुस्त रखते हैं। साथ ही साथ इससे आपसी प्रेम भावना एवं सद्भाव भी बढ़ता है खेल केवल लोगों को सिर्फ आकर्षित ही नहीं करता है बल्कि खेल के माध्यम से लोग आपस में एक दूसरे से जुड़ते हैं।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे नगर पंचायत उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू पार्षद राजेश दुबे सुनील जैन प्रमोद गौ सेवक अर्जुन देवांगन किशन साहू उत्सव सिंह एवं जितेंद्र जोशी इत्यादि उपस्थित रहे।

## परपोड़ी में नया भवन मिलने के बाद भी कम नहीं हुई समस्या

# रानी अवन्ति बाई लोधी कालेज में फर्नीचर की कमी, विद्यार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




रानी अवन्ति बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय परपोड़ी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नवीन भवन की सुविधा मिल जाने के बाद अब बैठने के लिए फर्नीचर की उपलब्धता एवं बाउंड्रीवाल को लेकर नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि नवीन कॉलेज परपोड़ी में आसपास के करीब तीन दर्जन गाँवों से लगभग 500 छात्र स्नातक स्तर की पढ़ाई महाविद्यालय आकर करते हैं। कॉलेज के अंदर पर्याप्त संख्या में बैठने के लिए चेयर-टेबल नहीं होने पर ज्यादातर विद्यार्थियों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। वहीं कॉलेज परिसर पर सुरक्षित बाउण्ड्रीवाल नहीं होना भी महाविद्यालय प्रबन्धन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत परपोड़ी में विगत वर्ष 2018 में कॉलेज की घोषणा हुई थी, जो पहले स्थानीय स्कूल भवन में ही संचालित हो रही थी। बीते वर्ष 2023 में इस रानी अवन्ति बाई लोधी महाविद्यालय को बोरतरा रोड पर आईटीआई कॉलेज के समीप स्थित नवीन बिल्डिंग में स्थानांतरित किया गया। शुरुआत में ही कॉलेज प्रबंधन के पास फर्नीचर की कमी को लेकर समस्या रही थी, जो आज सालभर गुजर जाने के बाद भी नवीन बिल्डिंग में पर्याप्त फर्नीचर की पूर्ति नहीं हो पाई है, जिसके कारण कॉलेज के आधे स्थानीय छात्र-छात्राओं को जमीन पर बैठने अथवा अन्य व्यवस्था पर निर्भर रहना पड़ता है। लिहाजा उनकी पढ़ाई की स्थिति पर भी असर पड़ता है।

### छात्रों की संख्या के आधे से भी कम है फर्नीचर

रानी अवन्ति बाई लोधी कॉलेज के विद्यार्थियों का कहना है कि महाविद्यालय के कुल स्टूडेंट्स के अनुपात में फर्नीचर की संख्या आधे से भी कम है । इसमें सबसे बड़ी चुनौती और समस्या परीक्षाओं के दौरान आती है, जब नियमित एवं अनियमित विद्यार्थियों को बैठाने के लिए कॉलेज प्रबंधन को काफी मशक्कत कर व्यवस्था करनी पड़ती है। स्थानीय विद्यार्थियों की मांग है कि इस समस्या के सम्बंध में शासन-प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर फर्नीचर की व्यवस्था करानी चाहिए एवं साथ ही परिसर के बाहर बाउंड्रीवाल भी बनानी चाहिए ताकि कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों को सुविधा मिल सके।

### गणित व राजनीति विज्ञान के साथ पोस्ट ग्रेजुएशन की भी मांग

फिलहाल कॉलेज की छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों की स्नातकोत्तर शिक्षा के साथ-साथ स्नातक के लिए गणित एवं राजनीति संकाय के विषय की मांग भी की जा रही है ताकि इन विषयों की पढ़ाई स्थानीय स्तर पर हो सके।

### ग्राम धनगांव में शक्ति दिवस समारोह कल

**डौंडीलोहारा।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा ग्राम धनगांव में 26 दिसंबर को शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ होगा। उसके बाद 10.30 बजे कलश यात्रा, 2 बजे ध्वजारोहण एवं आरती के बाद अतिथि स्वागत समारोह होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा होंगे, अध्यक्षता दिनेश फाफरे अध्यक्ष हल्बा समाज धनगांव करेंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम राजपरिवार डौंडीलोहारा होंगे, अध्यक्षता जगत रावटे सर्किल अध्यक्ष करेंगे। रात्रि में नवा बिहान रिकॉर्डिंग डांस परिवार ग्राम बरारमुंडी अंबागढ़ चौकी की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# घसीटे गए कार्यकर्ता, दो बैरिकेड तोड़ने के बाद वॉटर कैनन से बौछारें, नहीं लांघ सके अंतिम रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोमवार को सीएम हाउस घेरने निकली युवा कांग्रेस की पुलिस से जमकर झूमाझटकी हुई। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस द्वारा पहले से ही बैरिकेड्स लगा दिए गए थे।

- तीन लेयर में लगाए गए थे बैरिकेड्स, प्रदर्शनकारियों ने तोड़े दो लेयर

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने तीन लेयर में बैरिकेड्स लगाए थे। यूथ कांग्रेस शुरुआती दो लेयर को ही लांघ सकी। इसके बार पुलिस द्वारा वॉटर कैनन से पानी की बौछारें शुरू कर दी गईं। इसके बाद भी कई कार्यकर्ता आगे बढ़ने डटे रहे। इस दौरान ही पुलिस से उनकी जमकर झूमा-झटकी हुई। इस दौरान दर्जनभर कार्यकर्ताओं को खरोंचें और हल्की चोटें आई हैं। हालांकि गंभीर रूप से कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी घायल नहीं हुए। कांग्रेस के विभिन्न इकाइयों के तीन हजार से अधिक कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

## यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन में पुलिस संग जमकर झूमाझटकी, दर्जनभर चोटिल





### युवाओं से घबरा रही है सरकार

*युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की उपस्थिति एवं प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा, जब मैं इस स्थल में आने के लिए निकला था तब मैंने देखा की जगह-जगह प्रशासन द्वारा रोकने के लिए घेराबंदी और नाकेबंदी की गई है। इससे तो यह साबित होता है कि यह सरकार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से घबरा चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, भाजपा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की जनता परेशान हो गई है। आज युवाओं के पास रोजगार नहीं है। नशे का व्यापार खुलेआम हो रहा है। पूरे प्रदेश में लूट, चोरी एवं बलात्कार की घटनाएं आम बात हो गई है।*

सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकताएं भी इसका हिस्सा रहीं। सोमवार दोपहर 12 बजे से कार्यकर्ता गांधी मैदान में एकत्र होने लगे थे। वरिष्ठ नेताओं के संबोधन पश्चात उन्होंने घेराव के लिए कूच किया। आकाशवाणी काली माता मंदिर के पूर्व ही पुलिस बल द्वारा उन्हें रोक लिया गया। बेरोजगारी और प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर यह घेराव किया गया।

### दो लेयर के बाद सख्ती

पुलिस द्वारा पहले लेयर की बैरिकेडिंग नगर-निगम भवन के थोड़े आगे की गई थी। दूसरे लेयर की बैरिकेडिंग महिला थाने से थोड़ा आगे एक निजी अस्पताल के समक्ष की गई थी। इन दो लेयर को कार्यकर्ताओं ने आसानी से तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस बल द्वारा सख्ती बरती गई और प्रदर्शनकारियों को तीसरे लेयर तक पहुंचने ही नहीं दिया गया। पानी की तेज बौछारों का सामना महिला कार्यकर्ताओं को भी करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### नगर निकायों के महापौर व अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण 27 को

**बालोद।** वर्ष 2024–25 में होने वाले प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के लिए राज्य के नगर निकायों के महापौर एवं अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण की कार्यवाही शुक्रवार 27 दिसंबर को दीन दयाल उपाध्याय आडिटोरियम, साइंस कॉलेज परिसर रायपुर में सुबह 10.30 बजे से की जाएगी। इसके अंतर्गत नगर पालिका निगमों के महापौर एवं नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के अवलोकन के लिए इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित रह सकते हैं।

### रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन


**रायपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी आनंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी द्वारा धरसींवा के ग्राम बाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को किया गया। इस मौके पर ग्राम की सरपंच अर्चना जनक निषाद ने कहा कि रासेयो का यह सात दिवारीय शिविर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छा अवसर था ग्रामीण परिवेश से जुड़ने का और वहां कार्य करने का। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से ग्रामीण भी स्वयं को ऊर्जावन महसूस करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कॉलेज द्वारा आगे भी रासेयो के कार्यक्रम समय-समय पर गांव में आयोजित किए जाएं। इस शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्रतिदिन अलग- अलग वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था कि विभिन्न विषयों जैसे कि डिजिटल लिटरेसी, न्यूमरोलॉजी कॅरियर मार्गदर्शन आदि पर वक्ताओं ने स्वयंसेवकों के समक्ष अपनी बात रखी। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह, डॉ. अभया जोगलेकर व रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएम गजपाल आदि शामिल थे।

### धरसींवा महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय गणित दिवस

**रायपुर।** शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का विषयवस्तु दैनिक जीवन में गणित पर आधारित था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. निधि देवांगन ने रामानुजन द्वारा दिए गए प्रमेय एवं गणितीय सूत्रों की जानकारी दी। जी. नागभार्गव, सुनीता दुबे, स्वाति शर्मा, रश्मि कुजूर, शीतल वर्मा, दीक्षा साहू, कन्हैयालाल, गरिमा देवांगन, नोना धीवर सहित सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## निधन

### शेख अफजल सिद्दीकी



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय वार्ड 15 रामनगर निवासी शेख अफजल सिद्दीकी का मंगलवार को इंतेकाल हो गया। उन्हें शाम 06 बजे मुस्लिम क़ब्रिस्तान में सुपर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवारजन व स्थानीय निवासी शामिल हुए।

## प्रवचन

**श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्म प्रसंग पर झूम उठे श्रद्धालु**

# टेकवाडीह में गूंजा- नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। उक्त बातें पंडित बल्ला प्रसाद शर्मा ने भागवत ज्ञान सप्ताह के दौरान कही।

आपको बता दें कि ग्राम ठेकवाडीह में दयाराम साहू एवं लीलाबाई साहू की स्मृति में ईश्वर साहू एवं समस्त परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पांचवें दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। श्री कृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथावाचक ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। 7 संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण गोकुल पहुंच गए। श्री शर्मा ने कहा कि जब–जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब–तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया, तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमने लगे। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। भागवत कथा का रसपान करने आसपास गांव के श्रद्धालु प्रतिदिन अधिक संख्या मे पहुंच रहे है।



### भंडारा की व्यवस्था

प्रतिदिन गांव सहित आसपास से पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन ग्राम सहित दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। बृजराज साहू ने बताया कि भागवत कथा का यह दूसरा वर्ष है, जहां पंडित बल्ला प्रसाद शर्मा कथा सुना रहे हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा 10 बजे से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक की जा रही है। भागवत कथा के दौरान प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था की गई है। भागवत कथा में प्रमुख रुप से गंगा देवी साहू, लता साहू, डोमार साहू, शकुन साहू सहित समस्त परिवार एवं ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।



# बम्हनी बालोद ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरई में छत्तीसगढ़ स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भगतसिंह एकेडमी बोरई तथा समस्तग्रामवासियों के सहयोग से शनिचरी बाजार चौक में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग, रिवेंद्र यादव की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रतियोगिता में अलग-अलग जिलों और प्रांत से 100 टीमों का शामिल होना आपने आप में सफलता बयां करता है।

उन्होंने एकेडमी के युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होने के साथ ही युवाओं में संगठन क्षमता के विकास और ग्रामीण समरसता, भाईचारा के लिए जरूरी है। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा कि कबड्डी का खेल बुत ही कम संसाधन में खेला जाता है, जो आज प्रो कब्बड्डी के रूप ख्यात हो गया है। गांवों के खिलाड़ियों को भी प्रो-कब्बड्डी के स्तर तक पहुंचने अनेक ग्राम पंचायतों में मेट उपलब्ध करवाया गया है। हम सब की मंशा रही है कि बच्चों को अच्छा संसाधन मिले जिससे अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन जिला व राज्य स्तर पर कर पाये और अपना नाम रौशन कर सकें। बता दें कि इस प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश, दिल्ली सहित बालोद, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, नांदगांव, बेमेतरा, खैरागढ़ एवं स्थानीय दुर्ग जिला के विभिन्न टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बम्हनी बालोद को मिला, जिसे 15 हजार नकद व विनर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान दारगांव धमधा को 10 हजार नगद व शील्ड, तृतीय जांजगीर चांपा को 7 हजार नगद व शील्ड तथा चतुर्थ स्थान भेड़सर दुर्ग को 5 हजार नगद व शील्ड प्रदान किया गया। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में अतिथि स्ट्रक राइट कंपनी बोरई के मैनेजर राजेश पंत थे। वहीं, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, सरपंच पद्मा टीकम साहू, नरेंद्र देशमुख, कैलाश सिन्हा, महेंद्र सिन्हा, पंच किशोर यादव, ओमेश्वर यादव, डॉ जितेंद्र साहू सहित आयोजक भगतसिंह एकेडमी के अध्यक्ष नीरज ठाकुर, अरविंद घनघोरी, राधेकृष्ण ठाकुर, गिनेश्वर साहू, मिथलेश ठाकुर, ओतशू यादव, शेखर सहित सभी सदस्य एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग समाज के आरक्षण में की गई कटौती को बहाल करने एवं अन्य गंभीर लोक विषयक मांगों को लेकर बालोद कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में संघ द्वारा कहा गया है कि पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में सीटों का आरक्षण लागू किया जा रहा है आरक्षण रोस्टर के अवलोकन से स्पष्ट है कि विगत चुनाव के मुकाबले 2024 के आरक्षण रोस्टर में ओबीसी वर्ग के सीटों की संख्या काफी कम हुई है। ऐसा आरक्षण किस आधार पर हुआ है, इसका भी ज्ञान ओबीसी समुदाय को नहीं हो पा रहा है। संघ ने कहा है कि आरक्षण व्यवस्था पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है।

बस्तर संभाग के अलावा मानपुर व बालोद जिला मे निवासरत पिछड़ावर्ग समाज के अधिकारों के साथ पूरी तरह से खिलवाड़, छलावा है। इसके फलस्वरूप ग्राम पंचायत नगर पंचायत नगर पालिका एवं नगर निगमों में पिछड़ा वर्ग समाज की सीटों में कटौती करते हुए अनारक्षित किया गया है। इसलिए यथाशीघ्र पुनर्विचार करते हुए अनारक्षित सीटों में की गई बढ़ोत्तरी को कम कर पिछड़ा वर्ग समाज के लिए सीटों को आरक्षित करें। इसी तरह दंतेवाड़ा जिला के कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा को जिले से तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की गई है। आशकरण पटेल के परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने, वीणा गजेन्द्र पिता पुरूषोत्तम गजेन्द्र ग्राम तहसील चारामा जिला कांकेर की न्यायिक जांच कराते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई। वहीं, नगर पंचायत डौण्डी क्षेत्र अंतर्गत पिछड़ा वर्ग समाज की जनसंख्या 46 प्रतिशत होने के बावजूद 15 वार्ड में एक भी वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं किए जाने पर आपत्ति जताई गई है। इसे सुधारकर जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देने की मांग की गई है।

समाज ने कहा 7 दिवस के भीतर उपरोक्त चार सूत्रीय मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल कार्यवाही करेंगे। अन्यथा 30 दिसंबर को बस्तर संभाग के जिला मुख्यालयों में छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग के नेतृत्व में महाबंद एवं चक्काजाम किया जाएगा।



### नई कृषि-व्यापार नीति के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ इकाई ने सोमवार को राजधानी में आंबेडकर प्रतिमा के सामने नई कृषि-व्यापार नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार से किसानों की उपज के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू करने और छत्तीसगढ़ के किसानों को मोदी की गारंटी के तहत धान का मूल्य 3217 रुपए प्रति क्विंटल देने की मांग करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया।

दरअसल मोदी सरकार द्वारा हाल ही में लाई गई नई कृषि बाजार व विपणन नीति के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की प्रदेश इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, प्रदेश प्रभारी प्रवीण क्रांति ने कहा, इस नीति के लागू होने से देश की कृषि मंडियों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, साथ ही कृषि बाजार पर कॉर्पोरेट कंपनियों का कब्जा हो जाएगा।

# जब तक मंत्री इस्तीफा नहीं देंगे, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा : सांसद रंजीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन ने कहा, 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पाटी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती, इस बार तो हद ही पार कर दी।

उन्होंने कहा, संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। कांग्रेस ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई। समता, समानता और न्याय के डॉ. आंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई। यही नहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. आंबेडकर का अपमान कर बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। कांग्रेस डॉ. आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यसमिति के सदस्य ताम्रध्वज साहू भी मौजूद रहे।



### भाजपा ने पूछे पांच सवाल

इधर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन के आरोपों पर पलटवार करते उनसे पांच सवालों का जवाब मांगा। आपने कहा था, नक्सली बुरे नहीं होते, क्या आज भी अपने बयान पर कायम हैं? छत्तीसगढ़ के लोगों का हक मारकर राज्यसभा की सदस्यता मिली है, उसके साथ उन्होंने कितना न्याय किया? राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला व केटीएस तुलसी छत्तीसगढ़ क्यों नहीं आते? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में रहकर लूट, भय और भ्रष्टाचार के सारे कीर्तिमान ध्वस्त कर रही थी, तब उनके खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई? राज्यसभा सदस्य रहते कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा और अर्चना गौतम के साथ दुर्व्यवहार पर उनके न्याय के लिए आवाज क्यों नहीं उठाई?

**अफसर बोले- टाइग्रेस के गले में रेडियो कॉलर से मॉनिटरिंग में मिलेगी मदद**

# चिरमिरी से रेस्क्यू बाघिन का कटघोरा वनमंडल में विचरण, गांवों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश के संजय दुबारी नेशनल पार्क से पिछले सप्ताह भटककर आई बाघिन इन दिनों कटघोरा वनमंडल के पंडरीपानी परिक्षेत्र में विचरण कर रही है। अफसरों के अनुसार, टाइग्रेस के गले में रेडियो कॉलर लगा है, इस वजह से आसानी से उसे ट्रैक किया जा रहा है। इसकी पुष्टि एपीसीसीएफ प्रेम कुमार ने की है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों चिरमिरी के जंगल में वन अफसरों ने रेस्क्यू करने के बाद उसके गले में रेडियो कॉलर लगाकर अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा था। अब यह बाघिन मरवाही वनमंडल के रास्ते इन दिनों कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रही है। कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार के अनुसार, टाइग्रेस को ट्रेक करने एटीआर से पांच सदस्यीय ट्रेकिंग दल बुलाया गया है। ट्रेकिंग दल के माध्यम से उसके मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। अफसर के अनुसार, टाइग्रेस का व्यवहार सामान्य है।

### सो रहे ग्रामीण के करीब पहुंची बाघिन

पसान रेंज में विचरण कर रही बाघिन को लेकर पंडरीपानी, पहाड़पारा के ग्रामीण दिलीप लकड़ा का कहना है कि बाघिन उसके घर के पास पहुंच गई थी। उसके घर के करीब पहुंचने की पुष्टि घर के पास मिले पंजों के निशान से हुई है। दिलीप के अनुसार, वह घर के बाहर सो रहा था। इसी दौरान घर के पालतू कुत्ते की भौंकने की आवाज से वह उठ गया। करीब आठ से दस फीट की दूरी पर उसने बाघिन को देखा। एकदम नजदीक होने पर दिलीप पास पड़े डंडे से धान साफ करने के उपयोग में आने वाले उड़ावनी पंखे को लाठी से जोर-जोर से पीटने लगा, जिससे बाघिन वहां से डरकर चली गई।



### क्षेत्र नया होने से भटक रही टाइग्रेस

संजय दुबारी नेशनल पार्क से भटककर आई जिस बाघिन को चिरमिरी से रेस्क्यू कर अचानकमार में छोड़ा गया है। उस मादा बाघ के लिए एटीआर नया इलाका है। इस वजह से उक्त वह भटकते हुए मरवाही के रास्ते कटघोरा पहुंच गई। ऐसी स्थिति में उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन अफसरों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

### इधर बाघ की आमद रोकने पटाखे फोड़े

कान्हा टाइगर रिजर्व के आधा दर्जन बाघ भोरमदेव तथा अचानकमार में विचरण कर रहे हैं। इनमें चार बाघ भोरमदेव वनमंडल में हैं। सूत्रों के मुताबिक, जमुनापानी में बाघ के आने की जानकारी मिलने के बाद उसे अपने क्षेत्र में आने से रोकने पटाखे चलाए। पटाखों की आवाज सुनकर बाघ के वापस कान्हा तरफ जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। उल्लेखनीय है कि जमुनापानी में वर्ष 2011 में ग्रामीणों ने एक मादा बाघ को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था।

**सुरक्षित क्षेत्र, शिकार की तलाश में पहुंच रहे**

जानकारों के मुताबिक, मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व में कैपेसिटी से ज्यादा बाघ हो गए हैं। ऐसी स्थिति में बाघों के बीच आपसी द्वंद्व की स्थिति निर्मित होती है। इसलिए बाघ सुरक्षित जगह तथा शिकार की तलाश में भटकते हुए राज्य के वनक्षेत्र में पहुंच रहे हैं। इस बात को भी ध्यान में रखते हुए वन विभाग को टाइगर मॉनिटरिंग के लिए एक अलग टीम बनाए जाने की बात जानकार बता रहे हैं।

# सरकारी स्कूलों के कारनामे...भर दिए अपात्र छात्रों के परीक्षा फॉर्म, माशिम ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

दसवीं-बारहवीं परीक्षाओं की तैयारी में जुटे माध्यमिक शिक्षा मंडल के पास एक से बढ़कर एक मामले सामने आ रहे हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं कि अधिकारी-कर्मचारी भी अपना सिर पकड़कर बैठ जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर मामलों में विद्यालय स्तर पर लापरवाही बरती गई है। बड़ी संख्या में ऐसे छात्रों के आवेदन माशिम को प्राप्त हुए हैं, जो दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता ही नहीं रखते हैं। नियमतः दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने के लिए छात्रों का लगातार उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है। नवमी या ग्यारहवीं कक्षा दो अथवा उससे अधिक प्रयास में उत्तीर्ण करने वाले छात्र अगली कक्षा में नियमित विद्यार्थी के रूप में शामिल होने पात्र नहीं होते हैं। स्कूलों ने इन विद्यार्थियों को ना केवल नियमित छात्र के रूप में प्रवेश दिया, बल्कि उनका परीक्षा फॉर्म भी रेगुलर स्टूडेंट के रूप में भर दिया। माशिम को फॉर्म की स्क्रूटनी के दौरान अब तक ऐसे लगभग 70 मामले मिले हैं। इनमें से 90 फीसदी शासकीय विद्यालयों के हैं। माशिम ने इन सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया है।

## नवमी और दसवीं कक्षा के मध्य नहीं होना चाहिए गैप, नियमित रूप से उत्तीर्ण होना आवश्यक

### छात्रों का साल बचाने की कोशिश

अब माशिम द्वारा इन स्कूलों को खत लिखा जाएगा। उनसे बच्चों की इच्छा पूछी जाएगी। यदि विद्यार्थी प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने की इच्छा रखते हैं तो उनके आवेदन को नियमित छात्र के कैटेगरी से हटाकर स्वाध्यायी छात्र के कैटेगरी में डाला जाएगा। यदि विद्यार्थी इसके लिए सहमति नहीं देते हैं, तो उनके आवेदन को निरस्त माना जाएगा। स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने की सहमति देने वाले विद्यार्थियों से फीस की अंतर राशि ली जाएगी।



लगभग 70 ऐसे मामले, जिसमें छात्रों ने कई वर्ष पहले दिलाई थी नवमी की परीक्षा

### इसलिए भी लापरवाही

*यह पहला वर्ष नहीं है जब इस तरह के मामले माशिम के सामने आए हो। बीते वर्षों में भी अपात्र छात्रों के परीक्षा फॉर्म सब्मिट किए जाने संबंधित मामले आते रहे हैं। माशिम द्वारा अथवा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए जिम्मेदार शिक्षकों अथवा स्कूल प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यही वजह है कि सामान्य नियमों की भी अनदेखी हो रही है और छात्रों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दसवीं में इस बार 3 लाख 23 हजार नियमित तथा लगभग 8 हजार प्रावइेट परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इसी तरह से बारहवीं कक्षा में 2 लाख 34 हजार नियमित और 7 हजार स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल होंगे।*

## खबर संक्षेप

### पीएससी ने सिविल जज के 57 पदों पर मांगे आवेदन

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग ने कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश के 57 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। इन पदों के लिए पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर 26 दिसंबर से आवेदन किए जा सकेंगे। अंतिम तिथि 24 जनवरी निर्धारित की गई है। विधि और विधायी कार्य विभाग के अंतर्गत ये नियुक्तियां निकाली गई हैं। आयु सीमा सहित अन्य आवश्यक अहर्ताओं की जानकारी पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### बेसिक बेकरी क्लास के प्रशिक्षार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा बेसिक बेकरी क्लास के प्रशिक्षार्थियों के लिए प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षक रीना साहू ने इस कोर्स में बेकरी के बुनियादी सिद्धांतों से लेकर विभिन्न प्रकार के बेकरी उत्पादों को बनाने तक की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों की मेहनत और लगन की प्रशंसा की।

### युवा संवाद कार्यक्रम 29 को

**रायपुर।** गांडा महासभा युवा विभाग द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 29 दिसंबर को युवा संवाद 2024 का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमे समाज के युवा और समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में युवाओं के भविष्य, युवाओं के कैरियर के लिए गाइडेंस एवं समाज में किस तरह से युवाओं को शामिल कर समाज की दशा और दिशा बदलना है, इस पर गहन चर्चा की जाएगी। इसके बाद युवाओं के साथ संवाद होगा ।

## पेज 9 के शेष

### चेचानमेटा व ...

अब साल-दर साल खण्डहर में तब्दील हो रहा है। इससे गांव के ग्रामजनों में स्थानीय पंचायत प्रशासन के प्रति नकारात्मकता नज़र आने भी लगी है। पंचायत प्रशासन की जिम्मेदारी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चेचानमेटा गाँव में ही अहम स्थल अवन्ति बाई चौक की कायाकल्प नहीं हो पाया। साथ ही चौक पर लगे सोलर लाइट की सफाई भी नहीं हो पाई, जिसके कारण अवन्ति चौक की बदहाल स्थिति से ग्रामीण रोष व्याप्त है।

### खाद्य सचिव ...

बारदाने पर स्टेम्पिंग सही ढंग हो । खाद्य और राजस्व विभाग के अधिकारी उपार्जन केंद्रों में जाकर स्टेम्पिंग सही ढंग हो रही चेक करें। उन्होंने कहा कि किसी भी उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपार्जन केन्द्र के लिए बारदाना आवंटन, भंडारण और बारदाने की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली।

## ग्राम पंचायत सीतापुर में आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं सदस्य

# बाबा गुरु घासीदास सिर्फ सतनामी समाज के नहीं सम्पूर्ण मानवता के गुरु : प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत सीतापार में बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने जोड़ा जैतखाम्भ के दर्शन कर बाबा के तैलचित्र की पूजा अर्चना की। आसपास के गांव से आये हुए युवाओं ने पंथी नृत्य कर बाबा की महिमाओं का गुणगान किया। ऊर्जा से ओत प्रोत पंथी नृत्य दल के सदस्यों को बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी से सम्मान दिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्वाणी ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास सिर्फ सतनामी समाज के गुरु के तौर पर नही अपितु पूरे मानवता के गुरु के रूप में आधुनिक विश्व का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। बाबा की कही बात *मनखे मनखे एक समान* यह अब विश्व मंत्र है। मनुष्यता एक है,मनुष्यो में कोई भेद या अंतर नहीं। इस लाइन में सारे वेदों का मानो सार छुपा है। इस सारतत्व को बताने के लिए वेद और ऋचाएं लिखी गई, जिसे बाबा गुरु घासीदास जी ने एक वाक्य में कह दिया।सतनाम पंथ सत्य की आराधना का पंथ है इससे पवित्र और क्या हो सकता है।



### ये रहे मौजूद

जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का महंत गणेश ,रवीं बांधे, दिलीप आडिल,सविता जोशी,कुसुम रात्रे,जानकी आडिल,सुनीता बंजारे सहित उपस्थित जन मानस ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जयंती कार्यक्रम में अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी ने भी बाबा जी के आदर्शों पर अपने विचार रखे।

## राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में नवागढ़ शिक्षा विभाग की टीम ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**बेमेतरा।** सांस्कृतिक कला मंच शिक्षा विभाग नवागढ़ के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने राज्य स्तरीय पंथी प्रतियोगिता में सामूहिक पंथी नृत्य में भाग लिया। इसके पूर्व भी हमारी छत्तीसगढ़ की सभ्यता संस्कृति को संजोते हुए शिक्षा विभाग नवागढ़ के शिक्षक एवं शिक्षकाओं ने विभिन्न मंचों द्वारा ब्लॉक व जिला स्तर पर शाला प्रवेश उत्सव, एवं मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान दिया था। राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में भी भाग लेकर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में भाग लेने पर आयोजन समिति की ओर से 5000 रुपये का पुरस्कार व जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे द्वारा 1500 रूपये का सादर सम्मान राशि भी प्रदान किया गया। विगत 2 वर्षों से गठित नवागढ़ की शिक्षा विभाग की टीम के द्वारा लगातार शानदार प्रस्तुति करती आ रही है। राज्य स्तरीय पंथी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शिक्षा विभाग के टीम में शिक्षक महेश कुमार साहू, शान्त कुमार पटेल, जॉनी मार्कण्डेय, रामकुमार साहू, संजय मस्तके, परमेश्वर साहू, नरेंद्र जायसवाल, डूमन लाल साहू, भीखम देवांगन, किशन कवर, दीपक यादव, साधना साहू, प्रेक्षा साहू, समता सोनी, गोपेश्वरी साहू, मंजू भारद्वाज, अनीता भैना, अजेता मार्कण्डेय, फूलबासन कुर्रे, अंजनी टंडन, रैलेन्द्र हिरवानी, भगवान दास कोठारी, चैन सिंह अनंत सभी ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति दिए।



# सुशासन दिवस आज होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम पंचायतों के साथ-साथ जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत मुख्यालयों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आमजनों की गरिमामयी उपस्थिति में आज 25 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण उपरांत सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) से सभी कलेक्टरों व मुख्य कार्यपालन अधिकारियों जिला पंचायत को इस इस आशय के दिशा-निर्देश जारी किए है। सुशासन दिवस के अवसर पर पूरे जिले में, प्रत्येक अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । ऐसे ग्राम पंचायत जहां /"अटल चौक/" का निर्माण नहीं हुआ है, वहां भी ग्राम पंचायत मुख्यालय में, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण पश्चात ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाकर ग्राम के सार्वजनिक स्थलों एवं सम्पूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता के कार्यक्रम आगामी एक सप्ताह तक संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्र के मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद/विधायक, पूर्व पंचायत पदाधिकारीगण, अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के वरिष्ठजनों को आमंत्रित किया जाएगा । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश श्रवण भी होगा । कार्यक्रम स्थल पर अटल जी की कविता का पाठ आयोजित होंगे । इसके अलाव अन्य गतिविधियां भी होंगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि जिले के विकास खंड में आयोजित विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम एक-एक गांव में पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। बेमेतरा में ग्राम कुसमी में कार्यक्रम आयोजित होगा। विकासखंड साजा में भटगांव में नवागढ़ में टेमरी और बेरला विकासखंड में ग्राम रामपुर (भांड) आयोजित किया जाएगा।

### डी. सोलंकी पैनल से खड़े तीनों प्रत्याशियों ने चुनाव जीता

**रायपुर।** रायपुर शहर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में डी. सोलंकी पैनल से खड़े तीनों प्रत्याशियों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव बड़े अंतर से जीतकर विरोधी पैनल प्रत्याशी एकता मंच की डी. आशा जैन सहित सभी प्रत्याशियों को पराजित किया। विगत पंद्रह दिनों से इस चुनाव को लेकर काफी सरगर्मी चल रही थी। इस चुनाव का महत्व इसी बात से पता चलता है कि शहर के नामी-गिरामी 527 डॉक्टरों ने अपने मत का प्रयोग समय निकालकर किया, जो लगभग 70% रहा।

# सड़क धोने से नाराज युवक ने महिला पर किया चाकू से हमला

## पड़ोसी के घर में घुसकर जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुरैना की घटना आरोपी को राजेंद्र नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

सड़क धोने से नाराज एक युवक ने महिला की हत्या करने की नीयत से उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चाकू से जानलेवा हमला करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के पुरैना की है।

अजय ध्रुव की शिकायत पर पुलिस ने धनराज गहरवाल को गिरफ्तार किया है। अजय के अनुसार, रविवार तड़के 5 बजे घर के बाहर तालाब में हाथ-मुंह धो रहा था। इस दौरान उसकी मां घर के बाहर सड़क धोने पानी डाल रही थी। अजय की मां जब सड़क धो रही थी, इसी दौरान मौके पर धनराज पहुंचा और महिला से सड़क गीली करने की बात को लेकर विवाद तथा गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करने से मना करने पर धनराज ने अपने पास रखे चाकू से महिला पर हमला कर दिया। महिला बचने के लिए दौड़ी तो बदमाश ने उसकी पीठ पर चाकू से वार कर दिया। बदमाश के हमले से सहमी महिला अपने पड़ोस में रहने वाली एक अन्य महिला के घर घुस गई, और बदमाश से खुद को बचाया।




# माता कौशल्या विहार में कचरे से ऐसी बदबू कि सांस लेना भी दूभर

## परेशान रहवासियों ने निगम की गाड़ियों को रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खुली जमीन को नगर निगम ने बनाया डंपिंग यार्ड

नगर निगम जोन-10 सफाई अमले को माता कौशल्या विहार सेक्टर-4 के रहवासियों ने खुली जमीन पर कचरा डंप करते पाया। बदबू और गंदगी से बेहद परेशान लोगों द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर सोमवार को उन्होंने नगर निगम की गाड़ियां रोक लीं। आरोप है कि कचरे में मेडिकल वेस्ट, पोल्ट्री फार्म से निकलने वाले पंख और अन्य गंदगी बड़ी मात्रा में यहां फेंकी जा रही है। निगम का अमला डूमरतराई में भी सन एंड सन कांप्लेक्स के सामने खुली जमीन पर कचरा डंप करा रहा है, इससे आसपास के रहवासी कचरे से उठने वाली बदबू से परेशान हैं।

शहर को स्वच्छ रखने और खुले में कचरा न डालने की नसीहत देने वाला नगर निगम अब नियम से परे होकर रहवासी इलाके की खाली जमीन पर कचरा उड़ेलने से नहीं चूक रहा।



**निगम अधिकारी बोले- यह प्रायमरी कलेक्शन सेंटर :** कचरा गाड़ियों को रोकने की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी स्पॉट पर पहुंचे और लोगों से कहा कि आप सफाई गाड़ियों को रोक नहीं सकते। उनका ये भी कहना था कि यह डंपिग यार्ड नहीं, प्रायमरी कचरा कलेक्शन सेंटर है। लोगों ने कहा, ऐसा है तो कचरा नियमित रूप से उठाना चाहिए, पर ऐसा नहीं हो रहा। जोन अधिकारी ने कहा, यदि ऐसी समस्या है तो बताएं, कचरा उठवा देंगे।

# लाखेनगर चौक पर चौड़ीकरण, साइड की गोलाई वाला हिस्सा हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के लाखेनगर चौक स्थित चौराहा सौंदर्यीकरण का काम 2 माह में पूरा होगा। चौराहे का चौड़ीकरण कर उसे सुंदर स्वरूप देने सिर्फ पीछे वाले हिस्से में डिजाइन देने दीवार बनाई जा रही है। इसकी ऊंचाई कम कर साइड की गोलाई वाले हिस्से को हटाया जाएगा, ताकि इस चौराहे से ट्रैफिक का मूवमेंट सही तरीके से हो सके। नगर निगम जोन-5 कमिश्नरी के माध्यम से चौराहे का सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। शहर के लाखेनगर स्थित व्यस्ततम चौक पर मोर की सुंदर आकृति के साथ चौड़े आकार का चौराहा जल्द नए स्वरूप में नजर आएगा। तीन तरफ से सड़क की दृश्यता बनी रहे और वाहन चालकों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए कबाड़ी दुकान वाले पीछे के हिस्से में डिजाइन देने दीवार बनाई जा रही है। पूर्व में इसकी ऊंचाई 7 फीट रखी गई थी, जिसे कम किया जाएगा। जोन कमिश्नर विमल शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि चौराहे के साइड में गोलाई वाले हिस्से को हटाया जाएगा, ताकि चारों ओर से आने-जाने वालों के लिए पारदर्शिता बनी रहे।






# अतिरिक्त बेंच नहीं, इसलिए सुनवाई धीमी, हर महीने 45 नए परिवाद, 3008 केस पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस : जिला आयोग में न्याय के लिए इंतजार

समय के साथ अब न्याय की व्यवस्था में अतिरिक्त बेंच की जरूरत भी महसूस की जाने लगी है। प्रदेश की राजधानी होने से जिला उपभोक्ता आयोग में हर महीने ऑनलाइन और मैनुअल दोनों तरीके से लोग 40 से 45 परिवाद न्याय पाने के लिए दायर करते हैं। वहीं करीब 10 साल पुराने मामलों की सुनवाई भी लंबित है।

नए और पुराने मिलाकर 3008 केस अभी सुनवाई के लिए उपभोक्ता आयोग में पेंडिंग हैं। राजधानी में सजग उपभोक्ताओं की कमी नहीं है। जहां 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। वहीं सैकड़ों उपभोक्ताओं को न्याय में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त बेंच शुरू होने का इंतजार है। इसे देखते हुए हरिभूमि ने जिला उपभोक्ता आयोग में वर्तमान प्रकरणों की स्थिति जांचने का प्रयास किया। इसमें पता चला कि करीब 10 साल पुराने परिवाद भी अभी तक सुनवाई का हिस्सा नहीं बन पाए हैं। इसकी वजह जानने का प्रयास करने पर पता चला कि 6 मई 2022 से अध्यक्ष व 22 अक्टूबर 2022 से दोनों सदस्यों का पद भी खाली था। इनकी नियुक्ति मार्च 2023 और मई के अंतिम सप्ताह में की गई। इससे प्रकरणों की सुनवाई जून 2023 से शुरू हुई।

**लगा फाइलों का ढेर :** सूत्रों ने बताया कि मई 2022 से मई 2023 तक केस की सुनवाई नहीं हुई, लेकिन उपभोक्ता केस दर्ज कराते रहे। इससे जब तक आयोग अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति होती, उससे पहले पुराने मामलों को मिलाकर तीन हजार से ज्यादा केस पेंडिंग हो गए। इन फाइलों के ढेर में न्याय के लिए प्रकरण लगाने वाले सैकड़ों लोगों को सुनवाई के लिए बुलावे का इंतजार है। वहीं राजधानी में मामलों का त्वरित निराकरण करने के लिए अतिरिक्त बेंच है, यहां नई व्यवस्था बने तो उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

### 17 महीने में आए 1156 केस

आयोग से प्राप्त आंकड़ों की मानें तो जून 2023 से नवंबर 2024 यानी 17 महीने में ही उपभोक्ताओं ने 1156 नए केस ऑनलाइन और मैनुअल तरीके से दर्ज कराए गए। इस बीच नए-पुराने मामलों की सुनवाई करने के लिए अध्यक्ष डीपी शर्मा ने भी मौजूदा संसाधन का उपयोग करते हुए तेजी लाई। इससे 1260 प्रकरण सुलझाने में सफल हुए। वहीं 10 साल पुराने केस अभी तक पेंडिंग हैं। उपभोक्ता को अभी तक सुनवाई की प्रक्रिया से भी नहीं जोड़ा गया है। अतिरिक्त बेंच होने से सुनवाई व न्याय में तेजी आएगी।




## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) में गुरु घासीदास जयंती की 268 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही मड़ई-मेले का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोपहर 2 से रात्रि 9 बजे तक पूजा व रात्रि में जय सूर्या नाच पार्टी रानीदहरा (कबीरधाम) की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बारले जिला सतनामी समाज अध्यक्ष थे। वहीं, नीलकंठ टंडन तहसील सतनामी समाज अध्यक्ष, कुलदीप साहू सरपंच, कमलेश सिरमौर, धनेश सिरमौर, प्रीतम टंडन, राहुल सिरमौर, लवीश टंडन, इंद्रजीत टंडन, हरिद्वार मनहर, खेमलाल भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 20 जनवरी तक

**बालोद।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 20 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिले के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के विद्यार्थी 20 जनवरी 2025 तक अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदनों में त्रुटि सुधार 21 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक किया जा सकता है। जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 28 जनवरी से 07 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 09वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा की तिथि की जानकारी अलग से दी जाएगी।

### विधायक संगीता किया नवनिर्मित शेड का लोकार्पण

**गुरूर।** ग्राम डोटोपार में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा रामचरितमानस सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक द्वारा पिछले वर्ष इसी मंच पर शेड निर्माण के घोषणा की गई थी, जिसको पूरा कर नवनिर्मित शेड का लोकार्पण भी किया। सरपंच सहित ग्रामीणों ने शेड निर्माण के लिए विधायक का आभार जताया।

### शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेरला के 7 दिवसीय विशेष शिविर का 23 दिसंबर को हुआ समापन

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बारगांव में विविध गतिविधियों का किया संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेरला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक ग्राम बारगांव में सफलता के साथ हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करना था। शिविर में महाविद्यालय के 44 स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी युवराज पावले, सहायक प्राध्यापक आशीष एक्का एवं खुशबू ध्रुव देखरेख में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों के तौर पर स्वच्छता अभियान में ग्राम के प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने गांव की सड़कों, तालाब, और सार्वजनिक स्थलों को साफ किया।

इस दौरान गांववासियों को साफ-सफाई और स्वच्छ भारत अभियान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और स्वच्छता जैसे विषयों पर नाटक , दिवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक और समूह गीत के माध्यम से संदेश पहुंचाया। वही ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तचाप, मधुमेह और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान के सुझाव भी दिए।



### ग्रामनांदल में शुरू हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर



**नवागढ़।** शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत नांदल में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया गया।
उद्घाटन दिनेश साहू उपसरपंच, संतोष देवांगन प्रधानाचार्य, जगदीश निर्मलकर, पूर्व उपसरपंच, डॉ. योगेश साहू एवं अन्य अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत उद्बोधन में निर्मल कुमार कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा किए जाने वाले श्रमदान, बौद्धिक परिचर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से अवगत कराते हुए स्वागत किया। दिनेश साहू ने कहा कि जीवन में हमें मैं नहीं बल्कि आप की भावना को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण कार्य में जीवन समर्पित करना चाहिए। संतोष देवांगन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ही एक ऐसा माध्यम है जिससे समाज के द्वारा व्यक्ति का विकास होता है। मंच संचालन सुनिल कुमार और आभार व्यक्त सुरेन्द्र दीवान ने किया। इस दौरान सीएल बरगाह, प्रशांत, अजीत, प्रिया, पिंकी, नितेश, प्रदीप सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति, विभिन्न विषयों पर हुई परिचर्चा

स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर संदेश देने का प्रयास किया गया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी जहां दी। वही बौद्धिक परिचर्चा हुई जिसमें ओमप्रकाश मरकाम, ग्राम के आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, महिला बाल विकास अधिकारी विद्यानंद बोरकर, नवीन महाविद्यालय से बी आर शिवारे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक तामेश्वर यादव, विजय साहू, प्रेमजी फाउंडेशन से विजय साव उपस्थित रहे। उन्होंने समाज में फ़ैली कुरीतियों, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के ख़िलाफ़ लड़ने, सरकार द्वारा चलाएं जा रहे योजना , अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बताए। डॉ प्रवीण कुमार ने महिलाओं एवं बच्चों के आहार में सभी पोषक तत्वों जैसे कार्बोहाइड्रेट, मिनरल्स, वसा, प्रोटीन, विटामिन आदि शामिल करने की बात कही जिससे व्यक्ति का स्वास्थ्य स्वस्थ रहे और व्यक्ति, शारीरिक के साथ ही मानसिक विकास में भी लाभप्रद हो।

# सीसीआरटी प्रशिक्षण उदयपुर में छत्तीसगढ़ के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया बेहतरीन प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर सीसीआरटी प्रशिक्षण उदयपुर राजस्थान में छत्तीसगढ़ के शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। 10 दिन तक चले सीसीआरटी प्रशिक्षण का रंगारंग समापन हो गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से 14 शिक्षक शामिल हुए। इनमें बेमेतरा जिले की शासकीय प्राथमिक शाला (सीबीएसई) बेरला की शिक्षिका प्रतिभा साहू भी शामिल थीं। कार्यक्रम संयोजक हितेश पाणिनी और क्षेत्रीय संयोजक ओपी शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदानकर सम्मानित किया। 10 दिनों तक चलने वाले सीसीआरटी प्रशिक्षण का विषय हमारी सांस्कृतिक विविधता था। इस कार्यशाला के दौरान अभिव्यक्ति एवं व्यक्तित्व विकास, मिट्टी से बर्तन बनाना, पेपर क्राफ्टिंग, बुक बाइंडिंग, कठपुतली निर्माण की प्रायोगिक कार्यशाला में सम्मिलित होकर कार्य को स्वयं से करके सीखा। शिक्षिका प्रतिभा साहू ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात गजल गायक, गजल लेखक, संगीत कंपोजर, डॉ प्रेम भंडारी से संगीत सीखने का सुनहरा अवसर मिला। प्रशिक्षण के दौरान राज्य के प्रतिभागियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा क्यों कहा जाता है। छत्तीसगढ़ के पर्यटन व सांस्कृतिक स्थलों के बारे में जानकारी दी गई। भिलाई नगर जिसे मिनी भारत भी कहा जाता है वहां स्थित भिलाई स्टील प्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध शाल कोसा का शाल भी अतिथियों को भेंट किया गया।

# ग्राम कठिया, जेवरा और बीजाभाट में लगा विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर किया गया आयोजन

विधिक सेवा प्राधिकरण सालसा अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन व निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशानिर्देश पर 24 दिसम्बर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सेवा सहकारी समिति (धान उपजमण्डी) ग्राम कठिया, ग्राम जेवरा एवं ग्राम बीजाभाट में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थिति लोगों को बताया गया कि हर वर्ष 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम,



1986 (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 द्वारा प्रतिस्थापित) से नागरिकों को जागरूक करने और अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर उपभोक्ताओं के लिए इन अधिकारों के बारे में शिक्षित और अपने दैनिक जीवन में उनका पालन करना महत्वपूर्ण है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए यह बताया गया कि इसके तहत वे उपभोक्ता आते है जो सामान एवं वस्तु खरीदता है या सेवा प्राप्त करता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक तरीके, टेलीशॉपिंग, मल्टी लेवल मार्केटिंग या सीधे खरीदी के जरिये किया जाने वाला सभी तरह का ऑफलाईन या ऑनलाईन लेन-देन शामिल है।

**उपभोक्ता सुरक्षा से जुड़े कानूनों की दी गई जानकारी:** उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिये कानून द्वारा दिये गये संरक्षण का अधिकार, सूचना का अधिकार, सुनिश्चित्ता का अधिकार, सुनवाई का अधिकार एवं जागरूकता का अधिकार इसके साथ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की प्रमुख रूप से जानकारी दी गई। इसके साथ भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और जुर्माना, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, उपभोक्ता फोरम द्वारा पारित आदेश बारे में जानकारी दी गई। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य ग्राहकों को किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचाना और उन्हें जागरूक बनाना है और उनके अधिकारों की जानकारी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता/सलाह, लीगल डिफेंस कॉसिल सिस्टम के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। उक्त शिविर में दिनेश तिवारी चीफ, लीगल एड डिपॉस कौंसिल, सुश्री गीता दास असिस्टेंट, लीगल डिफेंस कौंसिल एवं समस्त अधिकार मित्र उपस्थित थे ।

# राज्य सलाहकार ने गांवों में किया स्वच्छता संबंधी कार्यों का निरीक्षण



**बेमेतरा।** राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अभिलाषा आनंद रघुवंशी ने जिले के बारगांव, खर्रा, ढाबा, भालेशर ग्राम पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों के संचालन की स्थिति का निरीक्षण किया। सरपंच व पंचायत सचिवों को निर्देश दिये कि सामुदायिक शौचालयों का उचित रखरखाव करें, ताकि लोग इसका उपयोग कर सकें। उन्होंने सभी गांवों में सेग्रीगेशन शेड, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट एवं फ़ीकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण किया। राज्य सलाहकार श्रीमती रघुवंशी ने गांवों में घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य कर रहे स्वच्छता दीदीयों से स्वच्छता के संबंध में विस्तार से चर्चा कर सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग करने के संबंध में जानकारी दी। साथ सभी स्वच्छाग्रही दीदीयों से कहा कि जब भी हम स्वच्छता के कार्य करें तो सुरक्षा उपकरण का उपयोग अवश्य करें।

**शासन की योजनाओं का लाभ लें:** अभिलाषा आनंद रघुवंशी ने सभी को श्रम कार्ड एवं स्वास्थ्य कार्ड बनवाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ लेने के को कहा। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव, स्वच्छताग्राही समूह के सदस्य, जिले के टीम स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, संकुल समन्वयक, तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक 12 जनवरी 2025 19 जनवरी 2025 16 फरवरी 2025 13 मार्च 2025 13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
09 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट
30% Off on all Cosmetic Procedures 25 to 31st December
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कल्पसे मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

अनुजित ग्रीन वर्ल्ड प्रा.लि.
Anujit Green World Pvt. Ltd.
WE ARE CREATING.....THE NATURE.....
चंदन की खेती मे
10 वर्षो से कार्यरत देश की प्रथम और नं.1 कंपनी
2000 से अधिक संतुष्ट किसान भाई
फसल मे बदलाव... जीवन शैली मे बदलाव...
WORKING IN HI-TECH PLANTATION
सैकड़ो एकड़ मे लाखों पौधों का सफल प्लांटेशन
MALABAR NEEM MAHOGANY RED SANDALWOOD WHITE SANDALWOOD
मात्र एक एकड़ खेती कर आप पा सकते है करोड़ो का लाभ
प्रति एकड़ लाभ
4-5 वर्ष में 4-5 लाख रु.
10-12 वर्ष में 90 लाख - 1 करोड़ रु.
8-10 वर्ष में 10-15 लाख रु.
12-15 वर्ष में 90 लाख - 1 करोड़ रु.
डॉ. देमन (C.M.D)
उमाशंकर साहू (C.O.O)
पेखुराम सिन्हा (Addvisore)
बसंत सोनकर (Ag. Officer)
प्लांटेशन कार्य क्षेत्र -
रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, छुरीया, चिचोला, भानुप्रतापपुर, चौंकी बांधा, मोहला, मानपुर, डोंगरगांव, बालोद, धमतरी, अंबिकापुर, देवकर, बेमेतरा खैरागढ़, छुईखदान, कोरीया, कोरबा, जांजगीर चांपा, पटेवा, बसना, कांकेर, बस्तर।
हाउस नं. बी 08 शिवनाथ कालोनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
9302038568, 9244831610
anujitgreenworld@gmail.com
www.ajgreenworld.com